# दिनॉक 26.11.2021 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य/संस्थायें सम्मिलित हुए :-

1- श्री अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2- श्री राकेश कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3- श्री आलोक पटेल, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
4- श्री मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
5- श्री नवदीप त्यागी, सिन्सेस टेक लि0 (टी0पी0आई0 एजेन्सी) सीतापुर।
6- श्री रजनीश कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनमपल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
7- श्री सचिन पाण्डेय सीनियर इंजीनियर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
8- शिक्षा भारती (आई.एस.ए.)।
9- नवनीत फाउन्डेशन (आई.एस.ए.)।
10- नागेश्वर जन कल्याण समिति (आई.एस.ए.)।
11- निदान सामाजिक सेवा संस्थान (आई.एस.ए.)।

सर्वप्रथम बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम में आवंटित ग्रामों की भूमि प्रस्ताव, डी0पी0आर0 की समीक्षा की गई, स्थिति निम्नवत् है:-

**मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, लि0-**

1- मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, को आवंटित 555 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 457 ग्राम पंचायतों में भूखण्ड आवंटित किये जा चुके है, शेष 98 ग्राम पंचायतों में भूमि प्रस्ताव मिलना शेष है। जिस पर कार्यदायी संस्था मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, द्वारा भूमि की अनुपलब्धता की बात कही गयी। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि शीघ्र से शीघ्र उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर भूमि प्रस्ताव प्राप्त भुमि प्रस्ताव की कार्यवाही पूर्ण करें।

2- 457 ग्राम पंचायत जिसमें भूमि उपलब्ध है, में से कार्यदायी द्वारा 310 डी0पी0आर प्रेषित किये गये है। शेष 117 डी0पी0आर0 भी शीघ्र बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

3- पिछले 03 माह से कार्यदायी संस्था द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया। 220 त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठित होने के बाद भी किसी कार्य स्थल पर कोई कार्य नहीं किया गया। जिससे जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं शीघ्र से शीघ्र बार चार्ट प्रस्तुत करते हुए अविलम्ब कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये। मे0 एल0 एण्ड टी0 द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 15.12.2021 तक अवशेष डी0पी0आर0 प्रस्तुत कर दिये जायेगें।

**मै0 एन0सी0सी0 लि0-**

1- कार्यदायी फर्म मै0 एन0सी0सी0 लि0 को आवंटित 327 ग्राम पंचायतो के सापेक्ष 312 ग्राम पंचायतों में भूखण्ड आवंटित किये गये। शेष 15 ग्राम पंचायतों में भूमि प्रस्ताव प्राप्त करने के निर्देश दिये गये।

2- 312 ग्राम पंचायत जिसमें भूमि उपलब्ध है, में से कार्यदायी द्वारा 202 डी0पी0आर प्रेषित किये गये है। शेष 110 डी0पी0आर0 भी शीघ्र बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

3- कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि 13 कार्यस्थल पर बोरिंग का कार्य पूर्ण है एवं शेष 04 पर कार्य चल रहा है। धीमी प्रगति के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया एवं शीघ्र से शीघ्र डी0पी0आर0 एवं बार चार्ट प्रस्तुत करते हुए अवशेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिस पर मे0एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अवगत कराया कि दिनांक 30.11.2021 तक अवशेष डी0पी0आर0 प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

**आई0एस0ए0 के कार्यो की समीक्षा-**

1- **शिक्षा भारती-**

| | | |
|---|---|---|
| आवंटित कलस्टर | - | 01 |
| ग्राम पंचायत | - | 40 |
| राजस्व ग्राम | - | 53 |
| वी0डब्लू0एस0सी0 का गठन' | - | 40 |
| वी0डब्लू0एस0सी0 बैंक खाता | - | 33 |

2- **नवनीत फाउन्डेशन-**

| | | |
|---|---|---|
| आवंटित कलस्टर | - | 01 |
| ग्राम पंचायत | - | 40 |
| राजस्व ग्राम | - | 40 |
| वी0डब्लू0एस0सी0 का गठन' | - | 39 |
| वी0डब्लू0एस0सी0 बैंक खाता | - | 24 |

क्रमशः2...

Scanned by CamScanner

116

3– **नागेश्वर जन कल्याण समिति–**

| | | |
|---|---|---|
| आवंटित कलस्टर | – | 01 |
| ग्राम पंचायत | – | 40 |
| राजस्व ग्राम | – | 59 |
| वी0डब्लू0एस0सी0 का गठन' | – | 40 |
| वी0डब्लू0एस0सी0 बैंक खाता | – | 21 |

4– **निदान सामाजिक सेवा संस्थान–**

| | | |
|---|---|---|
| आवंटित कलस्टर | – | 01 |
| ग्राम पंचायत | – | 40 |
| राजस्व ग्राम | – | 71 |
| वी0डब्लू0एस0सी0 का गठन' | – | 40 |
| वी0डब्लू0एस0सी0 बैंक खाता | – | 32 |

बैठक में हेल्पिंग यूथ फाउन्डेशन व नव चेतना विकास समिति के प्रतिनिधि अनुपस्थित थे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा आई0एस0ए0 के समस्त कार्यो पर चर्चा की गई जिसमें नये ग्राम पंचायत का आवंटन एवं खुलवाये गये खाते का विवरण प्रपत्र सहित अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को प्रस्तुत कर जन जागरूकता सम्बन्धित कार्य करने के लिए निर्देशित किया। आगा खान फाउन्डेशन के सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति से दिशा निर्देश प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्त करते हुए समस्त अधिकारियों, निर्माण हेतु कार्यदायी फर्मों मे0 (लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 एवं मै0 एन0सी0सी0 लि0) टी0पी0आई एवं आई0एस0ए0 को अपने–अपने दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए समस्त कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये।

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
सीतापुर
(सदस्य सचिव)

जिला पंचायत राज अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

जिला विकास अधिकारी,
सीतापुर(सदस्य)

मुख्य विकास अधिकारी,
सीतापुर(सदस्य)

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)

पृ0 संख्याः 50 / कैम्प कार्यालय सीतापुर दिनॉक 30 /11/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
3– जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
4– सिन्सेस टेक लि0(टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
5– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनमपल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
6– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉं तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
7– समस्त इम्पलीमेंन्ट सपोर्ट एजेन्सी सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम(ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)

Scanned by CamScanner